NEWS18 हिंदी | नौकरी

IIT Placement: IIT भुवनेश्वर के 55% ग्रेजुएट्स छात्रों का तीन दिन के अंदर हुआ प्लेसमेंट

IIT Bhubaneswar 55 percent graduates:

IIT Placement: पहली बार प्लेसमेंट सत्र के दौरान इतने कम समय में इतनी अधिक संख्या में छात्रों को नौकरियां मिली हैं.

- News18Hindi
- **Last Updated :** December 10, 2021, 15:50 IST

भुवनेश्वर. आईआईटी भुवनेश्वर में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में स्नातक के अंतिम वर्ष के आधे से अधिक छात्रों का तीन दिनों के अंदर ही प्लेसमेंट हो गया. संस्थान ने बृहस्पतिवार को बयान जारी कर दावा किया कि बीटेक के 55 फीसदी से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट हो गया है और पहली बार प्लेसमेंट सत्र के दौरान इतने कम समय में इतनी अधिक संख्या में छात्रों को नौकरियां मिली हैं.

आईआईटी ने बताया कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, फ्लिपकार्ट, अमेजन, गोल्डमैन सैश, पेटीएम, ओरेकल और टाटा स्टील जैसी कई बड़ी कंपनियां इस बार प्लेसमेंट के लिए आई हैं. बयान के अनुसार पिछले वर्ष छात्रों को 16 लाख रुपये प्रति वर्ष वेतन की औसत पेशकश की गई थी जो इस बार बढ़कर 24 लाख रुपये प्रति वर्ष औसत हो गई है. (भाषा के इनपुट के साथ)

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IIT) के कैंपस में 1 दिसंबर बुधवार से कैंपस प्लेसमेंट के लिए देश-विदेश की कपंनियों ने स्टूडेंट्स का इंटरव्यू लिया. हाल ही में कैंपस प्लेसमेंट में एक छात्र को 2.15 करोड़ का इंटरनेशनल पैकेज भी मिला. जो चर्चा में रहा. पैकेज पाने वाला आईआईटी रुड़की का कंप्यूटर साइंस का स्टूडेंट है. इसे ₹2.15 करोड़ (दो लाख 87 हजार 550 डॉलर) का सालाना पैकेज मिला. ये अब तक का सबसे बड़ा इंटरनेशनल पैकेज है.

https://hindi.news18.com/news/jobs/iit-bhubaneswar-55-percent-graduates-students-placement-within-three-days-3892313.html